# स्कूटी की डिग्गी से रुपए चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

## नशीली दवा की तस्करी करते दबोचे गए, 1 फरार आरोपी की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 अगस्त. शहर के जयस्तंभ चौक पर स्कूटी की डिग्गी में रखे 3 लाख रुपए चुराने वाले 3 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है. इस घटना में शामिल रहे चौथे आरोपी की तलाश की जा रही है. आरोपियों को पुलिस ने उस समय दबोचा जब वे नशीली दवा की खेप लेकर जा रहे थे.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी के अनुसार बुधवार को जयस्तंभ चौक क्षेत्र से स्कूटी की डिग्गी से 3 लाख रु चोरी हो जाने की शिकायत फरियादी द्वारा की गई थी. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की 4 टीमें गठित करते हुए अलग-अलग स्थानों की ओर रवाना कर दिया गया. इसी दौरान पुलिस को इस बात की भी सूचना मिली कि बाइक सवार दो व्यक्ति नशीली दवा की बड़ी खेप लेकर अमरपाटन से सतना की ओर आ रहे हैं. जिसे देखते हुए पहले से रवाना की जा चुकी चारों पुलिस टीमों को अलग अलग स्थानों पर एंबुश लगाकर धरकपड़ के निर्देश दे दिए गए. क्योंकि आरोपी किसी भी मार्ग से सतना में प्रवेश कर सकते थे. इसी दौरान पुलिस को इस बात की सटीक जानकारी



मिली कि आरोपी सोहावल बाइपास से होते हुए आ रहे हैं. लिहाज पुलिस टीम ने धवारी मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर दी. पुलिस को देखते ही बाइक सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की. लेकिन पहले से तैयार पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया. तलाशी लिए जाने पर झोले में नशीली कफ सीरप और दो स्मार्टफोन बरामद किए गए. पूछताछ में दोनों की पहचान बबलू कुमार नट 31 वर्ष निवासी खमरौत शहडोल और रामशरण सिंह 30 वर्ष निवासी लुहासे अनूपपुर के तौर पर हुई. पकड़े गए आरोपियों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने दो और साथियों दुबराज नट निवासी देवेंद्र नगर और संजय कंजर निवासी अनूपपुर के साथ मिलकर स्कूटी की डिग्गी से रुपए चुराने की घटना को स्वीकार कर लिया.

### पन्ना में मिला तीसरा आरोपी

पकड़े गए आरोपी बबलू और रामशरण से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने पन्ना में दबिश देते हुए तीसरे आरोपी दुबराज नट को दबोच लिया. जबकि मामले की भनक लगते ही चौथा आरोपी संजय कंजर फरार हो गया. जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है. थाना प्रभारी के अनुसार स्कूटी की डिग्गी से चुराई गई नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है.

# झाड़-फूंक की आड़ में दुष्कर्मी अधेड़ गिरफ्तार

## दैवीय प्रकोप का भय दिखाकर करता था ब्लैकमेल

नवभारत न्यूज

**सतना 21 अगस्त. किसी भी तरह की बीमारी को पराभौतिक बाधा अथवा तंत्र-मंत्र बताकर झाड़-फेंक से उसका उपाय करने के बहाने अधेड़ व्यक्ति द्वारा न सिर्फ लोगों से धन ऐंठा जा रहा था. बल्कि दैवीय प्रकोप का भय दिखाकर वह महिलाओं के साथ दुष्कर्म भी करता था. इस मामले में शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने दुष्कर्मी अधेड़ को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

मैहर जिले के अमरपाटन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार ताला निवासी एक महिला द्वारा थाने में दुष्कर्म की शिकायत की गई थी. फरियादिया महिला ने पुलिस को बताया कि बीमारी के चलते वह अपने पति के साथ ग्राम गोरा में एक व्यक्ति के पास झाड़-फूंक कराने के लिए गई थी. झाड़-फूंक करने वाले व्यक्ति ने पति को बाहर खड़े रहने के लिए कहा और महिला को अकेले अंदर बुला लिया. झाड़-फूंक के नाम पर वह न सिर्फ आपत्तिजनक हरकते करने लगा बल्कि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया. जिसके बाद झाड़-फूंक करने वाले व्यक्ति ने इस बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी दे डाली. इतना ही नहीं बल्कि झोड़-फूंक करने वाले व्यक्ति ने महिला को धमकाते हुए कहा कि यदि इस बारे में किसी को भी बताया तो दैवीय प्रकोप के कारण उसके पति और बच्चों की मृत्यु हो जाएगी.

### परेशान होकर पति को बताया

भयभीत महिला ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया. लेकिन इसी बात का फायदा उठाते हुए झाड़ फूंक करने वाले व्यक्ति ने फोन लगाकर महिला को परेशान करना शुरु कर दिया. बुरी तरह प्रताड़ित होने पर महिला ने सारी घटना की जानकारी पति को दे दी. जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी अनिल दाहिया पिता रामबली उम्र 55 वर्ष निवासी गोरा को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# रेलवे स्टेशन में ट्रेन के सामने लेटा युवक, बाल-बाल बची जान

## प्लेटफार्म पर मच गई अफरा-तफरी, अस्पताल में उपचार के बाद हालत सामान्य

नवभारत न्यूज

**सतना 21 अगस्त. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर गुरुवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक ट्रेन के सामने लेट गया. हलांकि युवक ने पहले अपनी गर्दन रेलवे ट्रैक पर रख दी. लेकिन जैसे ही इंजन को सामने आते देखा तो घबराकर पटरी के बीचों-बीच लेट गया.**

वहीं लोको पायलट द्वारा सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को रोक लिए जाने से युवक बाल बाल बच गया. बदहवासी के चलते बेसुध हुए युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान हालत सामान्य हो गई. अयोध्या कैंट से रामेश्वरम की ओर जाने वाली 22614 श्रद्धा सेतु सुफा एक्सप्रेस ट्रेन ने गुरुवार की सुबह साढ़े 8 बजे प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर प्रवेश किया. ट्रेन को प्लेटफार्म पर प्रवेश करता देख यात्रियों के बीच में से एक युवक आगे आया और देखते ही देखते नमो फूड प्लाजा के सामने रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गया. ट्रैक पर लेटते ही युवक ने अपनी गर्दन को पटरी के ऊपर रख दिया. उसे ऐसा करता देख प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरु कर दिया. वहीं ट्रेन को आता देख किसी की हिम्मत नहीं हुई कि रेलवे ट्रैक पर जाकर युवक को बचाया जा सके. प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ और जीआरपी स्टाफ भी समय रहते मौके पर नहीं पहुंच पाया. इसी दौरान ट्रेन चला रहे लोको पायलट की नजर प्लेटफार्म पर लेटे युवक पर पड़ गई. लिहाजा लोको पायलट ने तत्काल ही ब्रेक लगा दिए. लेकिन इसके बावजूद



रोकते-रोकते हुए भी इंजन युवक तक पहुंच गया. वहीं इंजन को बिलकुल अपने सामने देख युवक बुरी तरह घबरा गया और स्वयं को बचाने की जद्दोजहत करते हुए दोनों पटरी के बीच में लेट गया. वहीं लोको पायलट के प्रयास के चलते ट्रेन रुक तो जरुर गई लेकिन तब तक इंजन युवक को क्रास कर चुका था. अनहोनी की आशंका के बीच जब इंजन के नीचे झांक कर देखा गया तो युवक बेसुध पड़ा मिला. मौके पर पहुंचे प्र. आरक्षक आरपीएफ सुधीर कुमार ने लोगों की मदद से युवक को बाहर निकाला. आरपीएफ और जीआरपी स्टॉफ द्वारा आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर कुछ देर तक चले उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जाने लगी. बताया गया कि शारीरिक तौर पर युवक को अधिक चोट नहीं आई थी. लेकिन सामने मौत को देख उसे मानसिक आघात सा लगा, जिसके चलते वह बदहवासी की हालत में चला गया था. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र. 1 पर हुए इस घटनाक्रम के चलते श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस 10 मिनट विलंबित हो गई.

### दूसरी बार की थी कोशिश

ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की पहचान दीपक उर्फ युवराज बर्मन निवासी भुजवा मोहल्ला के तौर पर हुई. परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक इससे पहले लगभग डेढ़ महीने पहले भी ट्रेन के सामने लेटकर अपनी जान देने की कोशिश कर चुका है. लेकिन दोनों बार वह बाल बाल बच गया. दीपक न सिर्फ विवाहित है बल्कि उसका एक बेटा भी है. बताया गया कि लगभग 8 वर्ष पहले उसके घर में किराए से रहने के लिए बंगाल की एक युवती आई थी. जान-पहचान बढ़ने के बाद दोनों के बीच प्रेम गहराता गया. लेकिन जब इस बारे में युवती के परिजनों को मालुम हुआ तो वे उसे लेकर वापस बंगाल चले गए. जिसके चलते दीपक बुरी तरह व्यथित हो गया. वहीं कुछ समय बाद परिजनों ने दीपक का विवाह दूसरी लड़की से करा दिया. जिसके चलते उसे एक बेटा हुआ. लेकिन जैसे ही दीपक को इस बात की जानकारी मिली कि उसकी पूर्व प्रेमिका का विवाह होने जा रहा है वह मानसिक तौर पर टूट गया और आत्महत्या का प्रयास करने लगा.

# लुधियाना से मिली अपहृत किशोरी

नवभारत न्यूज

**सतना 21 अगस्त. मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र से दो महीने पहले लापता हुई किशोरी, पंजाब के लुधियाना शहर में मिली. पुलिस टीम ने किशोरी को दस्तयाब करने के साथ ही अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया.**

मैहर जिले के अमरपाटन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पिता द्वारा थाने में अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लड़की की तलाश शुरु की गई. लेकिन काफी प्रयास करने के बावजूद भी उसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई. घटना के लगभग दो महीने बाद पुलिस को इस बात की जानकारी मिली कि लड़की पंजाब के लुधियाना शहर में है. लिहाजा फौरन ही पुलिस टीम को वहां के लिए रवाना कर दिया गया. पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से किशोरी को लुधियाना से दस्तयाब कर लिया. लड़की ने अपने बयान में बताया कि ग्राम जुड़वानी का निवासी 27 वर्षीय युवक उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था. लुधियाना में बंधक बनाकर कर रखने के दौरान शादी का झांसा देकर युवक ने लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने लगा. जिसे देखते हुए पुलिस ने बीएनएस सहित पाक्सो एक्ट के अंतर्गत आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

# 22 स्वास्थ्य कार्यक्रमों की राज्य स्तरीय समीक्षा आज

नवभारत न्यूज

**सतना 21 अगस्त. विभिन्न प्रकार के 22 स्वास्थ्य कार्यक्रमों की राज्य स्तरीय समीक्षा शुक्रवार को ऑफिस इंचार्ज द्वारा जिला चिकित्सालय में की जाएगी.**

सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य स्तर से ओआईसी सतना द्वारा जिला चिकित्सालय में 22 स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी. इस दौरान जिन स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की जानी है उनमें मैटरनल हेल्थ, पीसीपीएनडीटी, चाइल्ड हेल्थ, चाइल्ड हेल्थ न्यूट्रीशन, आरबीएसके, इन्यूनाइजेशन, फेमिली प्लानिंग, आरकेएसके, एनटीईपी, एनवीडीसीपी, एनएलईपी, एनवीएचसीपी, एचडब्लूसी, एनसीडी, एनएपीएसई, एनआरसीपी, ब्लाइंडनेस कंट्रोल प्रोग्राम, मेंटल हेल्थ, एलडरली हेल्थ, डीफनेस कंट्रोल प्रोग्राम, अर्बन हेल्थ, टेलीमेडिसिन, सिविल वर्क्स, स्टेट हीमाग्लोबिनोपैथी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विसेस, पीएमजेएएनएमएएन, लैब सर्विसेस, एनपीसीसीएचएच, एनटीसीपी, एनओएचपी और एनपीपीसीएफ शामिल हैं. समीक्षा बैठक को ध्यान में रखते हुए संबंधित कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं. इसी कड़ी में खण्ड चिकित्सा अधिकारियों, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधकों, कम्यूनिटी मोबिलाइजरों को बैठक में चेक लिस्ट के अनुसार समस्त जानकारी और दस्तावेजों सहित उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है.

# सहकारी समिति वर्ती के प्रभारी सहायक समिति प्रबंधक निलंबित

नवभारत न्यूज


**सतना 21 अगस्त. बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती के सहायक समिति प्रबंधक पुष्पराज अग्निहोत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।**

समिति प्रबंधक के विरूद्ध सोशल मीडिया में रासायनिक उर्वरक अपने घर में रखे जाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी जांच शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा मर्यादित रामपुर बघेलान द्वारा की गई। प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया है कि पुष्पराज अग्निहोत्री प्रभारी सहायक समिति प्रबंधक द्वारा संस्था की खाद घर में रखकर वितरण किया गया। समिति प्रबंधक का यह कृत्य संस्था में प्रचलित पैक्स सेवा नियम के अंतर्गत गंभीर दुराचार की श्रेणी में आता है। इस कृत्य से सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती के सहायक समिति प्रबंधक पुष्पराज अग्निहोत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते के रूप में आधे वेतन की पात्रता होगी। इनका मुख्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती रहेगा।

### दो समिति प्रबंधकों को नोटिस

प्राथमिक सहकारी समितियों (पैक्स) में किसानों को खाद वितरण के लिए उर्वरक का भण्डारण रैक्स से प्राप्त होते ही किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को प्राथमिक सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता होने पर भी किसानों को खाद नहीं बांटने की शिकायत मिली। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप पंजीयक सहकारिता प्रभाकरण ने इन शिकायतों की जांच के पश्चात बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चूंद के प्रभारी समिति प्रबंधक गोपिका प्रसाद पाण्डेय और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अबेर के प्रभारी समिति प्रबंधक भूपेंद्र सिंह को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए नोटिस जारी की गई है।

### खाद के नाम पर किसानों को मिल रहे डंडे : दिलीप



जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने सतना व मैहर जिले में व्याप्त खाद संकट के लिए प्रशासन व सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा है कि खाद के नाम पर किसानों को पुलिस के डंडे खाने के लिए विवश होना पड़ रहा है. श्री मिश्रा ने सोशल मीडिया में जारी अपने संदेश में बताया है कि जिले की 156 सहकारी समितियों में से 114 में खाद के नाम पर कुछ भी नहीं है. वर्तमान में मैहर व सतना जिले के किसान 14 अगस्त से कूपन लेकर खाद लेने के लिए घूम रहे हैं उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है. उन्होंने आरोप लगाया है कि जिले में खाद वितरण के लिए शासन द्वारा निर्धारित 30, 70 के मापदण्ड का पालन नहीं किया गया है. वर्तमान में व्यापारियों के पास खाद का अनुमान से अधिक स्टाक है जिससे ऐसा लगता है कि उन्हें निर्धारित जिले के आवंटन से 30 प्रतिशत के स्थान पर बढ़ाकर दिया गया है.

## एक नजर में



### आकांक्षी ब्लॉक मझगवां के लिए कलेक्टर सम्मानित

**सतना.** नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत सतना जिले के आकांक्षी ब्लाक मझगवां को पुरूस्कृत होने पर सतना जिले के तत्कालीन कलेक्टर अनुराग वर्मा और वर्तमान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की ओर से यह सम्मान भोपाल में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने प्राप्त किया।



### हाफ मैराथन वेंकट एक से शुरू होगी

**सतना.** डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष सतना हाफ मैराथन का आयोजन किया जाता है यह आयोजन किस वर्ष आगामी 7 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक खेल के मैदान से शुरू होकर इसी स्थान पर समापन होगा। न्यास कार्यकर्ता राजीव व्यास ने बताया कि सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता तीन कैटेगरी में होगी प्रथम चरण 21 किलोमीटर, द्वितीय चरण 10 किलोमीटर, तृतीय चरण 5 किलोमीटर का होगा.

### वरिष्ठ छायाकार सम्मानित

**सतना.** फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन सतना द्वारा वर्ल्ड फोटोग्राफी डे एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर योगेश, विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा अध्यक्ष सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एशोसियेशन, अभय वर्मा फाइन आर्ट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने सम्मिलित होकर सभी फोटोग्राफ़र्स को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ छायाकारों को शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया श्रीराम वावू गुप्ता, श्री रामप्रसाद चौरसिया, स्व. श्री प्रेमचंद गुप्ता, स्व. मोहन लाल रैकवार एवं श्री अशरफ अली वावा का सम्मान किया गया.




### आरबी सिंह सिंह का निधन



**सतना।** वरिष्ठ स्काउट मास्टर विनम्र मानवता के धनी परोपकारी स्काउटिंग शिक्षा के प्रति समर्पित आरबी सिंह मैहर का निधन स्काउट गाइड परिवार आहत एवं दुखी है भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें उनकी कर्मस्थली मैहर रही विवेकानंद स्कूल मैहर में 36 वर्ष तक सेवाएं दी स्काउटिंग के कुशल शिल्पी थे नेहरू संचुरी स्कूल में 6 वर्ष सेवाएं दी स्काउटिंग में जिले में उनके उत्कृष्ट कार्य रहे शुभचिंत को विद्यार्थियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए भारत स्काउट गाइड मीडिया जिला संघ सतना के मीडिया प्रभारी महेश तिवारी ने जानकारी दी।




# एकेएस के प्रबंधन संकाय में नवीन छात्रों के लिए हुआ इंडक्शन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 अगस्त। ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के प्रबंधन संकाय में नवागंतुक छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा सतत मूल्यांकन प्रणाली से परिचित कराना था।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ.हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एनएएसी विशेषज्ञ प्रो.जी.सी. मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 की प्रासंगिकता और गुणवत्ता सुधार में एनएएसी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. शेखर मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा और सतत मूल्यांकन प्रणाली विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति और व्यावहारिक सीखने पर केंद्रित है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे परीक्षा को केवल अंकों तक सीमित न मानें, बल्कि इसे आत्ममूल्यांकन और ज्ञान-विकास का माध्यम बनाएं। डॉ.कौशिक मुखर्जी, डीन एवं विभागाध्यक्ष, ने प्रबंधन शिक्षा की नई दिशाओं और शोध संभावनाओं पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रबंधन शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नेतृत्व क्षमता, समस्या-समाधान कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को स्टार्टअप, उद्यमिता और इंडस्ट्री-इंटरफेस जैसी गतिविधियों से जोड़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में आईएएस अनिकेत शांडिल्य ने छात्रों को जीवन में फोकस और आत्म-अनुशासन को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी लक्ष्य को स्पष्ट रखकर सतत प्रयास करें तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। प्रो.आर.सी. त्रिपाठी ने प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। डॉ.प्रदीप चौरसिया ने परीक्षा प्रणाली और सतत मूल्यांकन पर जानकारी दी।

# राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 28 को

**सतना 21 अगस्त.** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 28 अगस्त को प्रात: 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सिविल केस ई-कोर्ट, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, नक्शा विहीन ग्रामों का भौतिक सत्यापन, राहत प्रकरणों की समीक्षा, भू अर्जन के प्रकरण, लंबित सीएम मानिट प्रकरण, पीएम किसान योजना, लंबित आडिट कंडिकाएं, हिट एण्ड रन प्रकरण, मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, कृषि संगणना फेज-3, सर्वेयरों का भुगतान की समीक्षा की जायेगी।

# व्यापार मेले की सांस्कृतिक समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 अगस्त. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित होने वाले 12वें विन्ध्य व्यापार मेले की तैयारियां अब गति पकड़ चुकी हैं। इसी तारतम्य में आज चेम्बर सभागार में सांस्कृतिक समिति की बैठक चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, महामंत्री संदीप कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल की विषेष उपस्थिति मे आयोजित की गई।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान की ब्रांड एंबेसडर एवं मिस साउथ एषिया यूनिवर्स 2025, मिस टीन इण्डिया 2024 सुश्री मीनाक्षी सिंह का चेम्बर परिवार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा उन्हें विन्ध्य व्यापार मेले की सांस्कृतिक समिति में शामिल किया गया। साथ ही बताया कि उपस्थित जनों द्वारा मेले के सन्दर्भ मे विभिन्न रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुये। बैठक मे यह भी तय हुआ की राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अनिल मोटवानी ने बताया कि इस वर्ष 19 दिसंबर से 2025 से 29 दिसंबर तक 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिनमें सतना एवं आसपास के क्षेत्र के कलाकारों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, महामंत्री संदीप कुमार जैन, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, मिस एषिया मिनाक्षी सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रोहित अग्रवाल "लोहा", केषव माखीजा, अनिल मोटवानी, दिलीप सोनी, विकास सुखेजा, जाग्रत कपूर, निलाम्बर झा, संतोष दौलतानी, मोहित बसंताणी, तरूण ठक्कर, रिन्कू सोंधिया, अमन मिश्रा, जतिन जग्गी, दीपक वाधवानी, अनिल अग्रवाल, आरती सिंह बघेल, ईन्द्रानी चटर्जी, अनमोल केषरवानी, अंजली रत्नेष पाण्डेय, श्रद्धा पाठक, प्रियंका भसीन, सत्यधाम सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई पहली महिला की पार्थिक देह

नवभारत न्यूज

**सतना, 21 अगस्त. संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी खिम्यादास जी ने जगत कल्याण के लिए एवं मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए देहदान की अलख जगाई है स्वामी जी की प्रेरणा से अभी तक 115 लोगों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया है जबकि रीवा मेडिकल एवं सतना मेडिकल कॉलेज को 11देह सौंपी जा चुकी हैं।**

आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया कि योग शिवानंद आश्रम के स्वामी हरी श्रद्धानंद सरस्वती जी की ममतामई माता कमला देवी शर्मा जी



का 81 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया परिवार ने माताजी द्वारा लिये गए संकल्प को पूरा करते हुए उनका अंतिम संस्कार ना करके पार्थिक देह को सतना मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया ताकि मेडिकल के विद्यार्थी अध्ययन कर सकें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन की ऐतिहासिक पहल पर देहदानी ममतामई माता के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। आश्रम के सेवादारी विनोद गेलानी ने बताया माता जी ने देहदान का फैसला लेते हुए कहा था कि शरीर मृत्यु और दाह संस्कार के बाद केवल राख का ढेर रह जाता है यदि मानव कल्याण में हमारे अंग या देह किसी के काम आए तो इससे बढ़कर मेरे लिए सौभाग्य की ओर बात क्या हो सकती है। इस अवसर पर एसडीएम राहुल सिराडिया भाई प्रहलाद जी अतुल दुबे गोपीचंद कापड़ी आशुतोष पांडे मनोहर मोरयानी राजू जानवानी अखिलेश सिंह, कमलाकांत शुक्ला, हंसराज जी, संतोष उपाध्याय, संतोष चौरसिया, अशोक दीक्षित,राजराखन मिश्रा, मिथलेश जी अतुल दुबे एवं अन्य आदि की उपस्थिति रहे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ .एस गर्ग डॉ.अंकित जैन डॉ.पंकज चौरसिया, डॉ.रोशनी चतुर्वेदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।